**हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 08.11.2024**

## अफसरों ने चौबारी घाट पर परखे छठ पर्व के इंतजाम



**बरेली।** एडीजी-डीएम व एसएसपी ने गुरुवार को चौबारी घाट पर छठ पर्व की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुरुवार शाम को एडीजी रमित शर्मा, डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य चौबारी घाट पहुंचे। व्रतीयों ने अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया। निरीक्षण के दौरान कार्तिक पूर्णिमा के मेले की व्यवस्था भी देखी। मेले में दमकल तैनात करने के निर्देश दिए। मेला स्थल पर चिकित्सा-सुरक्षा व्यवस्था, सड़क मरम्मत व घाटों पर प्रकाश व्यवस्था को हाईमास्ट लाइट लगाने को कहा।

---

**अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 08.11.2024**

## अफसर पहुंचे चौबारी घाट, व्यवस्था का लिया जायजा

**बरेली।** एडीजी रमित शर्मा, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य ने बृहस्पतिवार को रामगंगा नदी के चौबारी घाट पर छठ पर्व के आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आगामी चौबारी मेले में अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा, शांति व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशानिर्देश दिए। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेला के लिए चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था, सड़क मरम्मत, घाटों पर प्रकाश की व्यवस्था, मेले में हाईमास्ट लाइट लगाने, साफ-सफाई आदि दिशानिर्देश दिए। ब्यूरो

# दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 08.11.2024



मनोज अवस्थी को आइपीएस रैंक से सुशोभित करते एडीजी • जागरण

## प्रोन्नत होने पर एडीजी जोन ने दी बधाई

जासं, बरेली : एडीजी जोन रमित शर्मा ने शाहजहांपुर के अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी को प्रांतीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा (उप्र संवर्ग) में नियुक्ति प्रदान होने पर आइपीएस रैंक से सुशोभित किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि मनोज कुमार अवस्थी मूल रूप से लखीमपुर खीरी के निवासी है। इन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी जियोलाजी की शिक्षा ग्रहण की। वर्ष 1996 बैच में प्रांतीय पुलिस सेवा के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व में यह लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, गोरखपुर व एटीएस में नियुक्त रहे है। वर्तमान में अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण शाहजहांपुर के पद पर पिछले वर्ष से कार्यरत हैं।

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 08.11.2024

### एसपी ग्रामीण बने आईपीएस, एडीजी ने दी बधाई

**बरेली, अमृत विचार** : अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहांपुर मनोज कुमार अवस्थी को प्रांतीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में नियुक्ति प्रदान होने पर आईपीएस रैंक से सुशोभित कर बधाई दी। मनोज कुमार अवस्थी मूल रूप से जनपद लखीमपुर खीरी के निवासी हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी जंतु विज्ञान की शिक्षा ग्रहण की। मनोज कुमार ने वर्ष 1996 बैच में प्रान्तीय पुलिस सेवा के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले वह लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, गोरखपुर व एटीएस में नियुक्त रहे हैं।

## आसमां तक जनपद बरेली दिनॉक 08.11.2024

### आईपीएस रैंक से सुशोभित होने पर एडीजी ने दी बधाई

आसमां तक रिपोर्टर



**बरेली।** रमित शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन द्वारा मनोज कुमार अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, जनपद शाहजहांपुर को प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा (उ0प्र0संवर्ग) में नियुक्ति प्रदान होने पर आईपीएस रैंक से सुशोभित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मनोज कुमार अवस्थी मूल रूप से जनपद लखीमपुर खीरी के निवासी है। इनके द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय से एम0एस0सी0 जियोलॉजी की शिक्षा ग्रहण की गयी। मनोज कुमार अवस्थी द्वारा वर्ष 1996 बैच में प्रान्तीय पुलिस सेवा के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। मनोज कुमार अवस्थी पूर्व में जनपद लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, गोरखपुर व एटीएस में नियुक्त रहे है तथा अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण जनपद शाहजहांपुर के पद पर दिनांक 14.12.2023 से कार्यरत है। इसके साथ ही मनोज कुमार अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती अमृता मिश्रा भी प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा (उ0प्र0संवर्ग) में प्रोन्नत हुयी है जोकि वर्तमान समय में अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना के पद पर मुख्यालय लखनऊ में नियुक्त है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर, मानुष पारीक जनपद बरेली, स्टाफ ऑफिसर जोनल कार्यालय बरेली, जोन बरेली एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे ।

## हिन्दुस्तान जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 08.11.2024



शाहजहांपुर के एसपी देहात को प्रतीक चिह्न लगाते एडीजी व एसपी सिटी।

# एसपी देहात मनोज अवस्थी बने आईपीएस

शाहजहांपुर। एडीजी रमित शर्मा द्वारा शाहजहांपुर एसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी को प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा (उ.प्र.संवर्ग) में नियुक्ति प्रदान होने पर आईपीएस का प्रतीक चिन्ह लगाकर शुभकामनाएं दीं। मनोज कुमार अवस्थी मूल रूप से जनपद लखीमपुर खीरी के निवासी हैं। इनके द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी जियोलॉजी की शिक्षा ग्रहण की गयी। वर्ष 1996 बैच में प्रान्तीय पुलिस सेवा के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। मनोज कुमार अवस्थी पूर्व में जनपद लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, गोरखपुर व एटीएस में नियुक्त रहे हैं। जनपद शाहजहांपुर में 14.12.2023 से कार्यरत हैं। मनोज कुमार अवस्थी की धर्मपत्नी अमृता मिश्रा भी प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत हुई हैं। जोकि वर्तमान समय में अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना के पद पर मुख्यालय लखनऊ में नियुक्त हैं।

अमर उजाला जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 08.11.2024

# एएसपी मनोज अवस्थी का प्रमोशन, एसपी बने



मनोज अवस्थी के कैप लगाते एडीजी रमित शर्मा। स्रोत: पुलिस

**शाहजहांपुर।** एसपी देहात मनोज अवस्थी की पदोन्नति का आदेश जारी हो गया है। वह एसपी बन गए हैं। बृहस्पतिवार को बरेली में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने मनोज अवस्थी को प्रांतीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा नियुक्ति प्रदान होने पर आईपीएस का प्रतीक चिह्न लगाकर बधाई दी। मूलरूप से लखीमपुर खीरी के रहने वाले मनोज अवस्थी लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी जियोलॉजी हैं। वह वर्ष 1996 बैच में प्रांतीय पुलिस सेवा में आए थे। पूर्व में जनपद लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, गोरखपुर व एटीएस में नियुक्त रहे हैं। उनकी पत्नी अमृता मिश्रा भी पीपीएस से आईपीएस के पद पर पदोन्नत हुईं है। संवाद

## शेखर टाइम्स जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 08.11.2024

# एडीजी ने मनोज को आईपीएस रैंक चिन्ह लगाया

**शेखर टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** एडीजी रमित शर्मा बरेली जोन ने एसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी को प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा(उ0प्र0संवर्ग) में नियुक्ति प्रदान होने पर आईपीएस का प्रतीक चिन्ह लगाकर शुभकामनाएं दी। मनोज कुमार अवस्थी मूल रूप से जनपद लखीमपुर खीरी के निवासी है। इनके द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय से एम0एस0सी0 जियोलॉजी की शिक्षा ग्रहण की गयी। मनोज कुमार अवस्थी द्वारा वर्ष 1996 बैच में प्रान्तीय पुलिस सेवा के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। मनोज कुमार अवस्थी पूर्व में जनपद लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, गोरखपुर व एटीएस में नियुक्त रहे है तथा अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के पद पर 14 दिसंबर से कार्यरत है। इसके साथ ही मनोज कुमार अवस्थी की धर्मपत्नी अमृता मिश्रा भी प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा (उ0प्र0संवर्ग) में



प्रोन्नत हुयी है जोकि वर्तमान समय में अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना के पद पर मुख्यालय लखनऊ में नियुक्त है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर, जनपद बरेली, स्टाफ ऑफिसर जोनल कार्यालय बरेली, जोन बरेली एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

वतन की धारा जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 08.11.2024

# अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को रमित शर्मा एडीजी ने आईपीएस का प्रतीक चिन्ह लगाकर दी शुभकामनाएं



**वतन की धारा, ब्यूरो शाहजहांपुर।** रमित शर्मा, अपर पुलिस महा निदेशक बरेली जोन द्वारा मनोज कुमार अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहॉपुर को प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिससेवा( उप्रसंवर्ग) में नियुक्ति प्रदान होने पर IPS का प्रतीक चिन्ह लगा कर शुभकामनाऐं दी गयी रमित शर्मा,अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, बरेली द्वारा श्री मनोज कुमार अवस्थी, अपर पुलिसधीक्षक ग्रामीण, जनपद को प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिससेवा( उप्रसंवर्ग) में नियुक्ति प्रदान होने पर IPS का प्रतीक चिन्ह लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी मनोज कुमार अवस्थी मूल रूप से जनपद लखीमपुर खीरी के निवासी है। इनके द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी जियोलॉजी की शिक्षा ग्रहण की गयी। मनोज कुमार अवस्थी द्वारा वर्ष 1996 बैच में प्रान्तीय पुलिस सेवा के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। मनोज कुमार अवस्थी पूर्व में जनपद लखनऊ,कानपुर, उन्नाव, गोरखपुर व एटीएस में नियुक्त रहे है तथा अपर पुलिसधीक्षक, ग्रामीण जनपद शाहजहॉपुर के पद पर दिनॉक 14.12.2023 से कार्यरत है। इसके साथ ही मनोज कुमार अवस्थी की धर्म पत्नी अमृता मिश्रा भी प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा( उप्रसंवर्ग) में प्रोन्नत हुयी है जोकि वर्तमान समय में अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना के पद पर मुख्यालय लखनऊ में नियुक्त है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, जनपद बरेली, स्टाफ ऑफिसर जोनल कार्यालय बरेली,जोन बरेली एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।